



नवभारत 08
ग्वालियर, शनिवार, 3 जनवरी, 2026

# कांग्रेस जनमत और भाजपा लूटतंत्र पर चुनाव लड़ती है : बरैया



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 जनवरी।** जिले की नगर परिषद मौ में पार्षद पद वार्ड क्रमांक 4 के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गंगाश्री का नामांकन दाखिल कराने के लिए भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया, गोहद विधायक केशव देसाई, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल, पूर्व विधायक मदन सिंह कुशवाहा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

विधायक फूलसिंह बरैया ने कहा कि अभी हाल में पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव में मेहंगाव, लहार उपचुनाव में जिला प्रशासन की भूमिका पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि जैसे स्थानीय प्रशासन भाजपा का एजेंट बनकर काम रहा रहा हो, जबकि मेहंगाव में पार्षद पद के उपचुनाव में खुलेआम फर्जी तरीके से वोटिंग हुई इसके बावजूद भी जिला निवार्चन अधिकारी ने रिपोल नहीं कराया। बरैया ने कहा कि कांग्रेस जनमत पर और भाजपा लूटतंत्र पर चुनाव लड़ती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभी हो रहे उपचुनाव में भाजपा अथवा प्रशासन ने कोई गड़बड़ी की तो इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। विधायक केशव देसाई ने कहा कि मौ चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि मौ चुनाव में वोट लूटने नहीं दिया जाएगा। अगर भाजपा नेताओं ने कोई गड़बड़ी की तो कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार रहेगी।

### यह कांग्रेसजन रहे उपस्थित

नामांकन दाखिल के दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. रणवीर सिंह यादव, महेश जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव, रहीम पठान, इलियास खान, राजीव कौशिक, राजीव काँकर बापू, संदीप बघेल, इरशाद अहमद, पूर्व पार्षद राम वाल्मीकि, जबर सिंह कुशवाहा, सुल्तान सिंह नरवरिया, इकबाल खान, सोनपाल यादव पार्षद, उपेंद्र यादव, रामसेवक मौर्य, रामस्वरूप गोयल, मनोज जाटव, रामेश्वर यादव, कमलेश यादव, रामसेवक मौर्य के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# सिंधिया के जन्मदिन पर सामुदायिक केन्द्र में फल व गरीबों को बांटे कंबल

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 2 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अमित पिंकी दाँतरे व्दारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मेहगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला प्रसूति वार्ड एंव जनरल वार्ड मे मरीजों को कंबल ब फल बितरित किये गए। साथ ही अपने निज निवास पर गरीबों को फल एवं कंबल बिरतण कर और केक खिलाकर सिधिंया के स्वास्थ्य दीर्घायु की कामना के साथ धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर, मंडल मंत्री श्रीमति मुन्नी नरवरिया, गुड्डी निगम, प्रदीप दंडोतिया, अजय राजौरिया, रामचंद्र शर्मा, सौरव राजौरिया ने सिंधिया जिंदाबाद के नारे लगाए।

# भिंड में 78 हजार से अधिक हितग्राहियों की ई-केवाईसी शेष, बिना केवाईसी नहीं मिलेगा राशन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा पात्रता पर्चीधारियों की ई-केवाईसी का कार्य जिलेभर में लगातार कराया जा रहा है। जिला भिंड में दिसंबर 2025 तक कुल 9 लाख 22 हजार 454 हितग्राही पंजीकृत हैं, जिनमें से 8 लाख 44 हजार 27 हितग्राहियों ने अपनी ई-केवाईसी पूर्ण करा ली है। वहीं अब भी 78 हजार 427 हितग्राहियों की ई-केवाईसी शेष है।

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में पंजीकृत 576 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर पीओएस मशीन के माध्यम से प्रतिदिन ई-केवाईसी की जा रही है। जिन परिवारों या सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, उनके नाम पीओएस मशीन पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, जिससे उन्हें राशन वितरण में समस्या आ सकती है।

**नए परिवार और नए सदस्यों के लिए भी जरूरी:** विभाग के अनुसार, जिन नवीन परिवारों एवं नए सदस्यों के आवेदन पोर्टल पर फीड हो चुके हैं, उनकी ई-केवाईसी होने के बाद ही नई पात्रता पर्ची जारी की जाएगी। इसी तरह परिवार में जोड़े गए सदस्यों की ई-केवाईसी के बाद ही सदस्य वृद्धि मान्य होगी।

**नि:शुल्क सुविधा, परेशानी पर करें संपर्क :** ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है और यह संबंधित उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से की जा रही है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हितग्राही अपने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की खाद्य शाखा से संपर्क कर सकते हैं। खाद्य विभाग ने लोगों से समय रहते ई-केवाईसी कराने की अपील की है, ताकि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

### ई-केवाईसी अनिवार्य, नहीं तो रुक सकता है राशन

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उन्हें भविष्य में राशन के लाभ से वंचित किया जा सकता है। विभाग ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि जिन सदस्यों की ई-केवाईसी शेष है, वे शीघ्र अपने आधार कार्ड के साथ संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पहुंचकर ई-केवाईसी कराएं।

# युवा कांग्रेस ने परेड चौराहे पर किया मंत्री का पुतला दहन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आवाहन पर जिला युवा कांग्रेस भिंड द्वारा शुक्रवार को शहर के हृदय स्थल परेड चौराहे पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष

## बर्खास्तगी की मांग

पुरोहित के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पुतला दहन के दौरान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने कहा कि इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। ऐसे संवेदनशील और दुखद हालात में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पत्रकारों से अभद्र भाषा में बात करना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री द्वारा पत्रकारों के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे न केवल पत्रकारिता बल्कि आम जनमानस की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। मनीष पुरोहित ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की कि ऐसे गैर-जिम्मेदार मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि मंत्री का बयान गरीबों, पीड़ितों और स्वतंत्र पत्रकारिता का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पूर्व में भी महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुके हैं। इंदौर, जो स्वच्छता में प्रदेश ही नहीं देश में भी नंबर वन है, वहां दूषित पानी से लोगों की जान जाना सरकार की गंभीर विफलता को दर्शाता है। संतोष त्रिपाठी ने आगे कहा कि भिंड शहर में भी कई स्थानों पर पानी की पाइपलाइन लीकेज के कारण सीवेज लाइन से मिल रही है, जिससे नलों में गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि भिंड सहित प्रदेश के सभी शहरों में पेयजल लाइनों की तत्काल जांच और दुरुस्ती कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### विरोध प्रदर्शन में इनकी रही उपस्थिति

इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष पुरोहित, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू लोधी, राहुल सिंह कुशवाह, पार्षद दीपक शर्मा, गोहद विधानसभा अध्यक्ष देवेश केवट, अटेर विधानसभा अध्यक्ष सुबोध तिवारी, अटेर ब्लॉक अध्यक्ष संजू नरवरिया, ब्रजकिशोर बिज्जू यादव, आशीष शर्मा, राहुल बघेल खरिका, आशीष पुरोहित, राजेश बघेल, संतोष शर्मा, रामकिशोर शर्मा, आकाश शर्मा, गौतम शर्मा, अभिषेक लोधी, अमन शर्मा, भूपेंद्र कुशवाह, सतीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीने के साफ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग दोहराई।



# भीषण ठंड में अलाव बंद, आलमपुर नप पर लापरवाही के आरोप

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** जनवरी माह में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर के बीच आलमपुर नगर परिषद की लापरवाही सामने आई है। नगर में भीषण सर्दी के बावजूद सार्वजनिक स्थानों पर अलाव नहीं जलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन, गरीब, बुजुर्ग और सड़क किनारे रहने वाले लोगों को भारी

## कड़ाके की ठण्ड में लगातार गिर रहा रात का तापमान

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ने कुछ दिनों तक अलाव जलवाने के बाद यह व्यवस्था पूरी तरह बंद कर दी।

कड़ाके की ठंड में रात का तापमान लगातार गिर रहा है। ऐसे में बस स्टैंड, बाजार, अस्पताल परिसर, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से राहगीर, रिक्शा चालक, मजदूर और फुटपाथ पर रहने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। ठंड का असर सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है, जो रात में खुले आसमान के नीचे ठंड सहने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा हर वर्ष सर्दी के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस बार शुरुआती औपचारिकता के बाद इसे बंद कर दिया गया। लोगों का कहना है कि नगर परिषद ने न तो स्थायी अलाव पॉइंट बनाए हैं और न ही नियमित रूप से लकड़ी या ईंधन की व्यवस्था की जा रही है।

नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था दोबारा शुरू की जाए। साथ ही रैन बसेरों और जरूरतमंद क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि ठंड से किसी प्रकार की जनहानि न हो। इस संबंध में नगर परिषद अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। वहीं, नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही अलाव की व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने गिनाईं दो साल की उपलब्धियां

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** भिंड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में अपने दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों का विस्तार से लेखा-जोखा पेश किया। उन्होंने

## नगर निगम की सौगात, 50 करोड़ की सड़कें, मेडिकल कॉलेज से लेकर सीवर प्रोजेक्ट तक विकास की लम्बी फेहरिस्त

कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सहयोग से भिंड को नगर निगम की सौगात मिली है, जिससे शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

विधायक ने बताया कि नगर निगम का गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है और नगरीय प्रशासन विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। नगर निगम सीमा में आसपास के गांवों को जोड़ते हुए 60 वार्डों का सीमांकन और नामकरण किया गया है। अब अगला चुनाव नगर निगम स्तर पर होगा।

**हर वार्ड में पहुंचेगा नल-जल योजना का पानी :** विधायक कुशवाह ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। शहर के सभी वार्डों में नल-जल योजना के तहत पानी पहुंचाया जाएगा। जहां कार्य शेष है, वहां विभागीय अधिकारियों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।



**मेडिकल कॉलेज और सीएम राइज स्कूल की सौगात :** विधायक ने बताया कि जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज के लिए तीन करोड़ की लागत से बाउंड्रीवाल का निर्माण चल रहा है। मेडिकल कॉलेज की निविदा जल्द जारी होगी, जिससे भिंड के छात्र-छात्राओं को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सीएम राइज स्कूल एमजेएस कॉलेज मैदान के पीछे 50 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन है। वहीं, एमजेएस कॉलेज परिसर में 9 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से लॉ कॉलेज का निर्माण भी किया जा रहा है।

**सीवर प्रोजेक्ट और गौ अभ्यारण :** नगर निकाय क्षेत्र में 126 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से सीवर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण को स्वीकृति मिल चुकी है। ग्राम पंचायत पाण्डरी में 10 हजार गौवंश की क्षमता वाला गौ अभ्यारण भी स्थापित किया जाएगा।

**गौरी सरोवर का सौंदर्यीकरण :** वधायक ने कहा कि गौरी सरोवर भिंड शहर का हृदय है। इसके सौंदर्यीकरण के लिए दक्षिणी किनारे पर 6 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही 2 करोड़ 25 लाख की लागत से रिटेनिंग वॉल, रेलिंग, हाई मास्ट और सौंदर्यीकरण लाइट व पेवर ब्लॉक का काम चल रहा है।

**विधायक निधि से 15 करोड़ के काम :** उन्होंने बताया कि विधायक निधि से 2023-24 के दौरान 15 करोड़ रुपए की लागत से 158 विकास कार्य कराए गए हैं, जिनमें से अधिकांश प्रगतिरत हैं।

**विकास और सुशासन प्राथमिकता :** पत्रकारवार्ता में विधायक ने कहा कि विकास और सुशासन ही उनकी पहली प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में शहर की स्थिति जर्जर हो गई थी, लेकिन जनता के आशीर्वाद से विधायक बनने के बाद वे लगातार विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री और मंत्रियों तक विकास का विजन लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भिंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्रेसवार्ता में पूर्व नगर अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष पवन जैन, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू, प्रिंस दुबे और दीपेन्द्र सिंह तोमर सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 50 करोड़ की सड़कों से बदलेगी शहर की तस्वीर

उन्होंने बताया कि भिंड शहर में 50 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। कुछ सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि कई जगह काम प्रगति पर है। इसके अलावा उमरी, सगरा, नयागांव और टेहरगुर मार्ग के लिए 49 करोड़ रुपए की स्वीकृति 2024-25 के बजट में मिली है।

### 60 वार्डों का नामकरण घोषित

विधायक कुशवाह ने नगर निगम के 60 वार्डों के नामकरण की सूची भी सार्वजनिक की। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, संत कबीर, गुरु नानक देव और राजीव गांधी सहित महापुरुषों और ऐतिहासिक स्थलों के नाम शामिल हैं।

# रौन में नए बीईओ ने संभाला कार्यभार, स्टाफ ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** रौन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर शुक्रवार को दशरथ सिंह कौरव ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व इस पद पर पदस्थ अरुण कुमार मिश्रा 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो गए थे, जिसके बाद यह पद रिक्त चल रहा था।



कार्यभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय परिसर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी बीईओ, बीआरसी सहित कार्यालय में पदस्थ समस्त स्टाफ ने नवपदस्थ बीईओ दशरथ सिंह कौरव का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बीईओ दशरथ सिंह कौरव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शैक्षणिक कार्यों को पारदर्शी व प्रभावी ढंग से संचालित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान कार्यालय में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा।



# टीबी मरीजों को मिला पोषण सहयोग

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** टीबी (क्षय रोग) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से विद्या स्वरूप निकेतन स्कूल द्वारा सराहनीय पहल की गई। संस्था की संचालिका उमा शर्मा बहन जी के नेतृत्व में टीबी से ग्रसित मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया

## विद्या स्वरूप निकेतन स्कूल की मानवीय पहल

गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाकर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर उमा शर्मा बहन ने कहा कि टीबी केवल दवाइयों से ही नहीं, बल्कि संतुलित और पौष्टिक आहार से भी जल्दी ठीक होती है। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक चलने वाले इलाज के दौरान मरीजों का शरीर कमजोर हो जाता है, ऐसे में पोषण सहयोग उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विद्या स्वरूप निकेतन सामाजिक सरोकारों के प्रति सदैव संवेदनशील रहा है और आगे भी टीबी उन्मूलन तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों एवं सहयोगियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। फूड बास्केट में दैनिक पोषण की आवश्यक सामग्री शामिल की गई, ताकि मरीजों को संतुलित आहार मिल सके।

उपस्थित लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल मरीजों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी पैदा करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम बताया और उम्मीद जताई कि अन्य सामाजिक संस्थाएं भी आगे आकर इस प्रकार के मानवीय कार्यों में सहयोग करेंगी।

# पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, खेत पर काम कर रहे युवक को मारी गोली

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 2 जनवरी।** जिले के गोरमी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजानपुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि खेत पर काम कर रहे एक युवक को गोली मार दी गई। वहीं,

## दो पक्षों के लोग घायल

लाठी-कुल्हाड़ी चलने से दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया।

**खेत पर घेरकर की फायरिंग :** पुलिस के अनुसार, दोनों पक्ष गुर्जर समाज के हैं। सुजानपुरा गांव




निवासी रामबरन गुर्जर अपने साथी सोच्छा के साथ खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान रामू, पंकज, दीपेंद्र, सुमित सहित एक अन्य आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। गोली रामबरन के बाएं हाथ में लगी, जबकि सोच्छा के पैर में चोट आई। घायल रामबरन को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसके हाथ से गोली निकाली। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**दूसरे पक्ष ने भी की एफआईआर की मांग :** घटना में दूसरे पक्ष के भारत और भूपेंद्र को भी चोटें आई हैं। उन्होंने पुलिस से विरोधी पक्ष के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मामला दर्ज करने की मांग की। उनका आरोप था कि उन्हें भी गोली लगी है। हालांकि मेडिकल जांच में गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई। डॉक्टरों के मुताबिक, उनके शरीर पर लाठी और कुल्हाड़ी से लगी चोटों के निशान पाए गए हैं।

**मेडिकल रिपोर्ट पर अड़ा पुलिस प्रशासन :** पुलिस ने स्पष्ट किया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही धाराएं लगाई जाएंगी। गोली की पुष्टि नहीं होने पर हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज करने से पुलिस ने इनकार कर दिया। इससे नाराज दूसरा पक्ष बिना एफआईआर दर्ज कराए ही थाने से लौट गया।

### एक पक्ष पर दर्ज हुआ केस

गोरमी थाना पुलिस ने घायल रामबरन गुर्जर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।

### मामला दर्ज कर लिया है

सुजानपुरा में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष को गोली लगी थी, उसका मामला दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरा पक्ष का अभी मामला दर्ज नहीं हुआ है।

**- अजय मिश्रा, थाना प्रभारी, गोरमी**